<u>कार्यालय- जनपद न्यायाधीश, ललितपुर।</u>

प्रशासनिक आदेश संख्या- 175/ललितपुर। **दिनांक- 11 .07.2024**

<u>आदेश</u>

चयन समिति की आख्या दिनांकित 10.07.2024 के अनुमोदन के उपरान्त जनपद न्यायालय, ललितपुर में दफ्तरी के 02 रिक्त पदों पर चतुर्थ श्रेणी के अर्दली, कार्यालय चपरासी, तामील कुनिन्दा एवं फर्राश संवर्ग में कार्यरत कर्मचारियों की पदोन्नति से भरा जाना है।

अतः जनपद न्यायालय, ललितपुर के चतुर्थ श्रेणी के अर्दली, कार्यालय चपरासी, तामील कुनिन्दा एवं फर्राश संवर्ग में कार्यरत उन कर्मचारियों को, जिनकी पाँच वर्ष की नियमित सेवाएँ पूर्ण हो चुकी हों, को सूचित किया जाता है कि यदि वे दफ्तरी के पद पर कार्य करने के इच्छुक हों तो समस्त विवरण सहित अपना आवेदन-पत्र दिनांक 25.07.2024 को सायंकाल 04.00 बजे तक प्रभारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जनपद न्यायालय, ललितपुर के पास जमा करा दें।

सर्व सम्बन्धित सूचित हों।

Sd/-
(आलोक कुमार पाराशर)
जनपद न्यायाधीश,
ललितपुर।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. सिस्टम ऑफीसर, जनपद न्यायालय, ललितपुर को पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

02. सहायक नाजिर, जनपद न्यायालय, ललितपुर को दो प्रतियाँ जिनमें एक प्रति न्यायालय भवन के प्रमुख सूचना-पट्ट पर चस्पा कराने एवं एक प्रति समस्त चतुर्थश्रेणी कर्मचारियों को नोट कराकर आख्या उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।

03. उपनाजिर, न्यायालय सिविल जज(जूनियर डिवीजन) बाह्य न्यायालय, महरौनी को दो प्रतियाँ जिनमें एक प्रति न्यायालय भवन के प्रमुख सूचना-पट्ट पर चस्पा कराने एवं एक प्रति समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को नोट कराकर आख्या उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।

आज्ञानुसार माननीय जनपद न्यायाधीश,

Sd/-
प्रभारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी,
जनपद न्यायालय, ललितपुर।